ई–मेल
अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव,
संचालक सोसाइटी/ट्रस्ट,
परिषद से पूर्व से सम्बद्ध समस्त/सत्र 2024–25 हेतु नवआवेदित,
निजी क्षेत्र की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/परिषद/2024/8890 **लखनऊःदिनांकः** 12-12-2024

विषयः सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता/सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने हेतु यू0–राईज पोर्टल पर आवेदन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप/परिषद/2024/162, दिनांकः 02.12.2024 एवं प्राशिप/परिषद/2024/8830, दिनांकः 10.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु नवीन एवं पूर्व से सम्बद्ध डिप्लोमा इन फार्मेसी संचालित निजी क्षेत्र की संस्थाओं को पी0सी0आई0 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन/अनुमोदन विस्तार के अनुक्रम में सम्बद्धता/सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने हेतु यू–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

वर्तमान में ऐसे संस्थान जिन्हें पी0सी0आई0 द्वारा सत्र 2024–25 हेतु अनुमोदन/अनुमोदन विस्तार प्रदान कर दिया गया है, को परिषद से सम्बद्धता/सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन दिनांकः 11.12.2024 के मध्यरात्रि 12:00 बजे तक आमंत्रित किये गये थे, परन्तु अधिकांश संस्थाओं द्वारा अभी तक यू–राईज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जा सका है।

अतः संस्थाओं द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में पुनः एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु नवस्थापित/पूर्व से सम्बद्ध डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम हेतु संस्थाओं का यू–राईज पोर्टल के माध्यम से दिनांकः 12–12–2024 से 14–12–2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में यू–राईज पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित नहीं किये जायेंगे।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2024/8891-94 **तद्‌दिनांकः** 12-12-2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कानपुर।
4. नोडल अधिकारी यूराईज पोर्टल को उपरोक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव